विद्यार्थी परिषद

पी एम श्री केंद्रीय विद्यालय के एरिया जीरकपुर की सत्र 2024 -25 के लिए विद्यार्थी परिषद का गठन कक्षा 11वीं तथा 12वीं के चयनित विद्यार्थियों के साथ दिनांक 11 सितंबर 2024 को किया गया। इस दिन विद्यालय में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन बड़े उत्साह और गरिमा के साथ किया गया। यह विशेष अवसर विद्यालय के छात्र नेताओं के चयन और उनके पदभार ग्रहण करने के लिए आयोजित किया गया था।
समारोह की शुरुआत विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती पुष्पा शर्मा ,मुख्य अतिथि के स्वागत करने से हुई। उन्होंने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की।

मुख्य अतिथि श्रीमती पुष्पा शर्मा प्राचार्या केंद्रीय विद्यालय जीरकपुर ने अपने प्रेरणादायक भाषण के दौरान छात्रों को ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और अनुशासन का पालन करने के लिए प्रोत्साहित किया।

इसके बाद, नव-चयनित प्रधान छात्र/छात्रा, उपप्रधान छात्र/छात्रा, और विभिन्न सदनों के कप्तान और उप-कप्तान को उनके पद के प्रतीक चिह्न प्रदान किए गए। प्रत्येक छात्र नेता ने अपने-अपने पद की शपथ ली, जिसमें उन्होंने ईमानदारी, निष्ठा और पूर्ण समर्पण के साथ अपने कर्तव्यों का पालन करने का संकल्प लिया।

समारोह का समापन डॉ सत्य प्रकाश,वरिष्ठ परा-स्नातक शिक्षक के धन्यवाद ज्ञापन और राष्ट्रगीत के साथ हुआ। इस दिन ने न केवल छात्र नेताओं को उनके कर्तव्यों का एहसास कराया, बल्कि पूरे विद्यालय के लिए एक प्रेरणादायक और गौरवशाली अवसर भी बन गया।

समारोह ने यह संदेश दिया कि नेतृत्व केवल अधिकार नहीं, बल्कि एक बड़ी जिम्मेदारी है जिसे ईमानदारी और समर्पण के साथ निभाना चाहिए।